**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 25 अक्तूबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)**

सदन को लोकतंत्र का मंदिर कहा जाता है आज हरियाणा विधानसभा सत्र आरंभ होने से पूर्व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी को नमन किया। उन्होंने कहा कि मेरे जीवन का हर पल डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर द्वारा दिए गए भारत के संविधान के महान मूल्यों के प्रति समर्पित है।यह हमारा संविधान ही है जिससे एक गरीब और पिछड़े परिवार में पैदा हुए मुझ जैसे व्यक्ति को भी प्रदेश सेवा का अवसर मिला है।ये हमारा संविधान ही है,जिसकी वजह से आज प्रदेशवासियों को उम्मीद,सामर्थ्य और गरिमापूर्ण जीवन मिल रहा है।मुख्यमंत्री कहा कि दलितों,पीड़ितों,वंचितों और शोषितों के कल्याण के लिए बाबासाहेब के विचार हमारी सरकार के लिए प्रेरणापुंज रहे हैं। यही वजह है कि हमारी सभी योजनाएं गरीब से गरीब को ध्यान में रखकर लागू की गई हैं।अंत्योदय के भाव और सबका साथ-सबका विकास के मंत्र के साथ हमारी सरकार ने हरियाणा एक-हरियाणवी एक मानकर समान विकास किया है।लोकतंत्र का यह मंदिर हरियाणा के मेरे परिवारजनों के अटूट विश्वास का प्रतीक है और टीम हरियाणा प्रदेश के मेरे परिवारजनों के इस विश्वास को कायम रखेगी।

*************************************************************

नवगठित हरियाणा सरकार का पहला विधानसभा सत्र आज सुबह ग्यारह बजे शुरू हुआ। सदन की करवाई के दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और अन्य नवनिर्वाचित विधायकों को शुक्रवार को 15वीं हरियाणा विधानसभा के सदन का सदस्य बनाया गया।

प्रोटेम स्पीकर और वरिष्ठ कांग्रेस नेता रघुवीर सिंह कादियान ने नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई। नायब सिंह सैनी के बाद उनके मंत्रिपरिषद के सदस्यों- अंबाला कैंट से सात बार विधायक रहे अनिल विज, इसराना विधायक कृष्ण लाल पंवार, बादशाहपुर विधायक राव नरबीर सिंह, पानीपत ग्रामीण विधायक महिपाल ढांडा, फरीदाबाद विधायक विपुल गोयल, गोहाना विधायक अरविंद शर्मा और रादौर विधायक श्याम सिंह राणा को प्रोटेम स्पीकर ने शपथ दिलाई।
मंत्रियों में बरवाला विधायक रणबीर गंगवा, नरवाना विधायक कृष्ण कुमार बेदी, तोशाम विधायक श्रुति चौधरी, अटेली विधायक आरती सिंह राव, तिगांव विधायक राजेश नागर और पलवल विधायक गौरव गौतम को शपथ दिलाई गई।

मंत्रिपरिषद के बाद महिला विधायकों को शपथ दिलाई गई. जिनमे बीजेपी विधायक बिमला चौधरी, कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री गीता भुक्कल, बीजेपी विधायक कृष्णा गहलावत, कांग्रेस विधायक मंजू चौधरी, कांग्रेस विधायक पूजा, निर्दलीय विधायक सावित्री जिंदल, बीजेपी विधायक शक्ति रानी शर्मा, कांग्रेस विधायक शकुंतला खटक और कांग्रेस विधायक और ओलंपियन पहलवान विनेश फोगाट शामिल थीं.निर्मल सिंह, घनश्याम सराफ, कपूर सिंह, सतपाल सांगवान सहित विधायकों को शपथ दिलाई गई।

**************************************************************

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे। विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चन्द्रचूड़ से परामर्श के बाद न्यायमूर्ति खन्ना को 11 नवम्बर से भारत का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है। वे देश के 51वें मुख्य न्यायाधीश होंगे और 13 नवम्बर 2025 को सेवा निवृत्त होंगे।भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी. वाई. चन्द्रचूड ने कहा है कि पिछले 75 वर्षों में सर्वोच्च न्यायालय वास्तविक अर्थो में लोक न्यायालय के रूप में सशक्त हुआ है। उन्होंने कहा कि देश की शीर्ष अदालत ने लोक न्यायालय के रूप में सेवा करने का यह

उदाहरण विश्व में कहीं और नहीं है।सर्वोच्च न्यायालय के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आकाशवाणी समाचार के साथ विशेष साक्षात्कार में मुख्य न्यायाधीश ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा किए।

*************************************************************

युवा मामले और खेल मंत्रालय ने खेल पुरस्कार 2024 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन को पुरस्कृत करने के लिए यह पुरस्कार हर साल प्रदान किये जाते हैं। इन पुरस्कारों में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार अर्जुन पुरस्कार,अर्जुन पुरस्कार तथा द्रोणाचार्य पुरस्कार सम्मलित हैं। पुरस्कार के लिए पात्र खिलाडी, कोच और संस्था 14 नवंबर तक ऑनलाइन पोर्टल dbtyas-sports.gov.in पर आवेदन जमा कर सकेंगे।

*************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने शहरों में स्वच्छता पर जोर देते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि आगामी एक माह में शहरों में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। सरकार का लक्ष्य स्वच्छता सर्वेक्षण रैंकिंग में हरियाणा को टॉप रैंकिंग में लाना है। इसलिए सभी को एक टीम की तरह मिलकर जिम्मेवारी के साथ काम करने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री कल चंडीगढ़ में शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा के लिए जिला नगर आयुक्तों (डीएमसी) और नगर निगम आयुक्तों (एमसी) के साथ एक अहम बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री श्री विपुल गोयल भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने समाधान शिविर की प्रगति, सफाई अभियान, आवारा पशु मुक्त शहर बनाने, संपत्ति आईडी, स्वामित्व योजना, कॉलोनियों के नियमितीकरण, पीएम स्वनिधि योजना, सड़कों की मरम्मत और विकास कार्यों की समीक्षा की।मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुग्राम को स्मार्ट सिटी बनाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए अधिकारी गुरुग्राम में सफाई से जुड़े कार्यों में

तेजी लाने के लिए पूरी तत्परता से काम करें। उन्होंने बताया कि स्वच्छता अभियान में अच्छा काम करने वाले नगर निकायों को सम्मानित भी किया जाएगा। गलियों में जलभराव की समस्या के समाधान के संबंध में निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक ड्रेनेज सिस्टम से संबंधित परियोजनाएं पूरी नहीं हो जाती, तब तक संबंधित अधिकारी सबसे पहले गलियों से पानी की समय पर निकासी करने पर जोर दें। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि जरूरत पड़े तो सफाई कर्मचारियों की अतिरिक्त मैनपावर की जरूरत हरियाणा कौशल रोजगार निगम से पूरी की जाए।मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर पालिकाओं, नगर निगमों और नगर परिषदों में स्ट्रीट लाइटें लगवाना और सफाई जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना प्रत्येक अधिकारी की प्राथमिकता होनी चाहिए, इसलिए इन परियोजनाओं से संबंधित कार्यों का समय पर निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों की जवाबदेही और जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 अक्टूबर 2024 से प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 11 बजे तक सभी 88 नगर निकायों में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने प्रदेशभर में आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि समाधान शिविर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें और कोई भी नागरिक असंतुष्ट होकर न लौटे। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में आ रही विशिष्ट समस्याओं के समाधान के लिए विशेष डेस्क स्थापित किए जाएं। बैठक में मुख्य सचिव डॉ टीवीएसएन प्रसाद, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव श्री राजेश खुल्लर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री वी उमाशंकर, शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव श्री विकास गुप्ता, निदेशक श्री यशपाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।